पंजाब केसरी 03/04/2024

जी.एम.एन. कालेज में 7 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का हुआ आगाज

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में शुरू हुई 7 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी व अन्य। (देवदत्त)

अम्बाला, 2 अप्रैल (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में कलाश्री, कालेज के सांस्कृतिक विभाग, संस्कृत, पंजाबी, अंग्रेजी, हिन्दी एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 7 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का आगाज हुआ। कार्यशाला में विद्यार्थियों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में कलाश्री के निदेशक अशोक लहरी ने शिरकत की। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने दीप प्रज्वलन कर किया।

रबनूर और तरुण द्वारा सरस्वती वंदन एवं मनोरमा द्वारा भारत माता की स्तुति प्रस्तुत की गई।

अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि जी.एम.एन. कालेज सदैव ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहता है।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर आए अशोक लहरी ने विद्यार्थियों को अभिनय कौशल, संवाद कला और नाटकीय प्रस्तुति जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मंच संचालन सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी डा. राजेंद्र देशवाल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सहसंयोजिका प्रियंका बालदिया ने बताया कि यह कार्यशाला 2 से 8 अप्रैल तक चलेगी। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को नाटक, अभिनय के महत्वपूर्ण तत्वों का अध्ययन करने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर कलाश्री के डायरैक्टर टी.एस. दुग्गल, डा. अनीश, डा. रितु गुप्ता, डा. जसवीर कौर, सुषमा शर्मा और सोहन आदि मौजूद रहे।